Postal Registration No. CHD/0107/2015-2017 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका

दीन बन्धु सर छोटूराम

जाट लहर

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

वर्ष 17 अंक 07 30 जूलाई 2017 मूल्य 5 रुपये

प्रधान की कलम से

अन्नदाता से कर्जदार बना – बेचारा किसान

डा. महेन्द्र सिंह मलिक

आरंभ से ही बेपरवाह राजनैतिक तंत्र से परेशान रहा बेचारा किसान अब एकजुट होने लगा है और परिणामस्वरूप कई राज्यों में किसान आंदोलन शुरू हो चुके हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश आदि सरकारों ने किसान हित में कोई कारगर उठाने की बजाये इसे हल्के में लिया और जब यह आंदोलन हिंसक होने लगा तो पहले तो विपक्ष को कोसा, फिर चिर-परिचित राजनीति शुरू हुई, टाल-मटोल, धरना, नाटक जैसे अनेकों हथकंडे अपनाए गए लेकिन ना किसी ने समस्या जानने का प्रयास किया और ना ही समाधान का क्योंकि नाशुरापन मानवता का अभिन्न अंग है।

वर्ष १९६५ के भारत पाक युद्ध के समय जब देश अन्न के लिए दूसरों पर निर्भर था तब 'जय जवान, जय किसान' का नारा लगा। किसान ने कर दिखाया लेकिन जनता ने दोनों को नकार दिया। किसान ने उपज तो बढ़ा दी जिससे कृषि उत्पाद की उत्पादन लागत में तो बढौतरी लाजिमी थी लेकिन उसके अनुपात में उसकी विक्रय कीमत नहीं बढ़ी। उस पर भी विडंबना है कि कमीशनखोरों को ही लाभ होता है। फसल की उत्पादकता बढ़ जाए तो कीमत गिरा दी जाती हैं, मतलब फसल कम हो या ज्यादा, नुकसान किसान का ही है।

किसान को सदा याचक की दशा में रखा जाता है, खाद बीज लेने जाए तब भी और फसल बेचने जाए तब भी और ऋण की तो बात ही अलग है। किसान अहसान फरामोश या भिखारी नहीं है, खुद्दार है, जिसे कर्ज माफी इत्यादि की जरूरत नहीं है अलबता फसल के उचित दाम और वक्त पर मिले तो वह इसमें भी खुश है। उसने बीज, खाद, पानी, बिजली, कीटनाशक की मांग की, उसके लिए बाजार से सभी चीजें नदारद और वह आढ़ती के आगे हाथ पसारे, याचक मुद्रा में खड़ा रह गया। आढ़ती ने मनमाने भाव पर उसे बेचा और फसल बंधक बना ली, जिसे औने-पौने भाव पर खरीदा और नतीजा अन्नदाता को याचक बना दिया और कर्ज दर कर्ज उसकी गर्ज-मर्ज पर बढ़ने लगा क्योंकि किसानी आज भी पूर्णतया मौके के भरोसे ही है। कहीं डूबा है तो कहीं सूखा। आज आधे से ज्यादा भारत बाढ़ से ग्रस्त है। किसान के जान माल को खतरा है दूसरी ओर पंजाब, हरियाणा सूखे की चपेट में हैं। किसी को किसान को सुध लेने की फुरसत नहीं है। फसल लागत कीमत में बढौतरी के और भी कई कारण हैं। सर्वोपरि जोत है जो दिन-ब-दिन छोटी होती जा रही है और पुश्तैनी भूमी का बंटवारा हो रहा है, जिससे एक परिवार का गुजारा नहीं होता। समाधान हो सकते हैं। वर्ष १९९९-२००० में कुल १८९.७ मिलीयन हैक्टयर कृषि भूमि में से फसल चक्र १४१.२ मिलीयन हैक्टयर में ही था। प्रति जोत औसत १९७०-७१ कि २.२८ हैक्टयर से कम होकर १.८२ हैक्टयर और १९९५-९६ तक मात्र १.५० हैक्टयर तक सुकड़ गया। बिहार, केरल, बंगाल तथा उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों में तो अब औसत मात्र ०.५ हैक्टयर रह गया। हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, कर्नाटक तथा राजस्थान इत्यादि में राष्ट्रीय औसत से थोड़ा अधिक ४ से ७.१५ हैक्टयर कृषि जोत में है।

१० हैक्टयर से उपर जोत मात्र १.६ प्रतिशत ही है जो कि कुल १७.४ प्रतिशत कुल जोत क्षेत्र का भाग है, यही नहीं १९९०-९१ तक पंजाब, हरियाणा तथा उत्तरप्रदेश में चकबंदी की गई ताकि छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटी पुस्तैनी भूमि को एक स्थान पर करके जोत के काबिल बनाया जा सके। इससे रास्ते भी खेत तक पहुंचाए गए ताकि मंडीकरण की असुविधा का भी हल निकाला जा सके। उसके साथ सहकारी कृषि को भी बढ़ावा दिया गया, जिससे कुछ किसान मिलकर कृषि करने लगे और खेत भी जोत के काबिल हुई तथा आधुनिक तकनीक, बीज, खाद व कीटनाशकों की भी व्यवस्था संभव हो सकी। इसमें जोत मलकियत के हिसाब से बंट जाता था, जो केरल इत्यादि राज्यों में सफल हो रहा है। कृषि में बीज की बहुत महत्ता है लेकिन दुख की बात है कि बीज अधिकतर लघु एवं सीमांत किसानों की पहुंच से बाहर है क्योंकि बहुत मंहगा है। भारत सरकार ने १९६३ में राष्ट्रीय बीज निगम तथा १९६९ में भारतीय किसान निगम की स्थापना की गई ताकि उत्तम बीज की उपलब्धता करवाई जा सके। वर्ष १९६६-६७ में खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ावा देने हेतू उच्च उत्पादकता कार्यक्रम शुरू किया गया। केवल हरियाणा में खाद्यान्न उत्पादन ४.५ लाख टन से बढ़कर कुछ वर्षों में १२५ लाख टन तक पहुंच गया। खादान्न में हरियाणा दूसरों की निर्भरता से उभर कर अन्य राज्यों को

शेष पेज–2 पर

शेष पेज–1

खादान्न देने में समर्थ हो गया। इससे उसकी लागत भी बढ़ी, जिससे आज किसान घाटे की बेचारगी में जी रहा है। आज भी उत्तम बीज की उपलब्धता केवल संपन्न किसानों की पहुंच में ही है। लघु तथा सीमांत किसानों के हिस्से नकली बीज, खाद और कीटनाशक ही पहुंच रहे हैं और वे भी मनमानी कीमत पर। किसान दोहरी मार खा रहा है और अन्नदाता से कर्जदाता बनता जा रहा है। किसान आत्म हत्याओं का एक सर्वोपरि कारण यही ऋण और ब्याज के चक्र में निहित है। तथ्यों की जुबानी ही देख ले कि उत्तम बीज उपलब्धता 2001-02 में 3.4 प्रतिशत से बढ़कर 2005-06 तक 9.5 तक हो पाई। बाकी किसान तो अपने पारंपरिक स्त्रोतों या नकली खरीद के भरोसे ही हैं।

आज रासायनिक खाद व बायो कीटनाशकों की भी महता है क्योंकि पारंपरिक तरीकों और साधनों से उत्पादकता कम हुई है। भूमि पर उर्वरता में भी कमी आई है क्योंकि साधनों की कमी है। उत्पादकता विश्व के न्यूनतम स्तर पर है, यहां भी मांग और वितरण में अंतर है। भोले किसान ने बिना सोचे समझे जरूरत से अधिक रासायनिक खादों तथा कीटनाशकों का उपयोग किया क्योंकि आढ़ती ने अपने लाभ हेतू उसे अधिक प्रयोग करवा दिया, जिससे भूमि का पानी भी जहरीला हो गया है। यह अभी तक भी जारी है क्योंकि कीटनाशक उत्पादकों ने आढ़ती को बिक्री इंनसैटिव देते हैं। पंजाब के मालवा क्षेत्र में तो कैंसर का प्रकोप बढ़ गया है। राजस्थान में कैसर का सस्ता उपचार हो रहा है और इस क्षेत्र से जाने वाली रेलगाड़ी का नाम ही 'कैंसर रेल' पड़ गया है। हम ऐसे गलत व्यापार का निशाना भोले किसानों को तो बना ही रहे हैं लेकिन खुद भी वही अनाज खा रहे हैं, जिसके लिए जागरूकता नितांत जरूरी है। आज आर्गेनिक खेती की बात तो चली है, प्रोत्साहन भी मिला है। उचित बीज, खाद, बायो कीटनाशक तथा मंडीकरण का जिम्मा भी लिया जा रहा है लेकिन उत्पादकता और वितरण दोनों आम आदमी की पहुंच से अभी बाहर है और आपूर्ति भी नगण्य के बराबर है।

संसाधनों की कमी के साथ-साथ पूर्ण उपयोग भी अभी नहीं हो रहा है। एक सर्वे के अनुसार 6500 टन शहरी क्षेत्रों में तथा 1600 टन ग्रामीण क्षेत्रों में कंपोस्ट का उचित प्रबंधन तथा उपयोग नहीं हो पा रहा है। इससे भूमि की उर्वरता भी बढ़ेगी और गंदगी से भी छुटकारा मिल सकेगा। सब्सिडी का राग सारी सरकारें गाती हैं लेकिन कभी किसी ने यह जानने तक का प्रयास नहीं किया कि यह किसान तक पहुंच भी रही है या रास्ते में ही गायब हो रही है। सच्चाई यह है कि यह भ्रष्टाचार और आढ़ती की भेंट चढ़ रही है।

सिंचाई खेती की जान है लेकिन मात्र एक तिहाई क्षेत्र ही सिंचित हैं जो विश्व में चीन के बाद दूसरे नबंर पर है। अभी भारत, इजरायल से पानी प्रबंधन तथा फसली चक्र की तकनीक सीखने की ओर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री का ही हाल का दौरा क्या रंग लाएगा, यह अभी दूर की कोड़ी है। हां, यह तथ्य प्रमाणित होता जा रहा है कि भविष्य में बर्चस्व पानी की उपलब्धता वाले क्षेत्र का ही होगा। भारतीय किसान अपनी कर्मठता से यह भी संभव कर देने में सक्षम है, अगर उसे आगे बढ़ने दिया गया अन्यथा दूसरी स्कीमों की तरह टांय-टांय फिस भी हो सकता है।

''हर शाख पर उल्लू बैठा है, अंजाम ए गुलिस्तां क्या होगा?'' यदि सूझबूझ से चले तो भारत का भविष्य उज्जवल है। मात्र मिडलमैन और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की जरूरत है। किसान अपनी बेचारगी के सभी धोने धो देगा। आज कृषि मशीनरी उसकी पहुंच से बाहर है तथा मानव श्रम उसे मंहगा पड़ता है और इसीलिए उसकी उत्पादन कीमत अधिक है। किसान अपनी कर्ज-मर्ज-गर्ज के चलते मंडीकरण की असुविधा का भी भुगतभोगी है। वह अपना उत्पादन कुछ दिन भी भंडारण नहीं कर सकता और गांव देहात में ही औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर है। मिलीभगत से बैंकों से ऋण मिडलमैन किसान के नाम से ही सस्ते दर पर लेकर उसी को मंहगी दरों पर उपलब्ध करवाता है। यह ब्याज दर 20 से 30 प्रतिशत तक होती है इससे किसान इस ब्याज की दलदल में उलझता जा रहा है।

यूरोपियन यूनियन अपने सभी देशों के किसानों ने एक संगठन कायम किया, जो जरूरत के अनुसार खाद्यान्न उत्पादित करते हैं। कुल उत्पादन क्षेत्र के अनुसार फसल का बंटवारा हो जाता है। खाली रही भूमि वाले किसान को मुआवजा दिया जाता है। अधिक उत्पादन हो जाने पर अनाज समुद्र तक में गिरा दिया गया, जिसकी अब नौबत नहीं आती क्योंकि उन्होने पूर्व अनुमान से ही उत्पादकता की दूसरी वहां फार्म पर मशीनीकरण से उत्पादकता लागत में कमी लाई गई है। मानव श्रम कम से कम है जो निराई, मुड़ाई और तुड़ाई तक सीमित है।

भारत में किसान पर राजनीति हो रही है तथा मनरेगा गरीब मजदूरों हेतू है लेकिन अधिकतर वे ही इस लाभ से वंचित हैं। कृषि उत्पादकता सूखे की मार से थम सी गई थी। उत्पादकता 2015-16 में 1.2 प्रतिशत ही रही जो अब बढ़कर 4.1 प्रतिशत 2016-17 में हुई है लेकिन नोटबंदी की मार भी किसान ने झेली, जिस कारण उसे अपना उत्पाद औन-पौने दामों पर बेचना पड़ा क्योंकि उसकी मजबूरी थी। इस अवधि में कर्ज की मार बढ़ी क्योंकि आढ़ती ने 20 प्रतिशत तक ब्याज वसूला और मजबूरी में किसान भूमि बेचकर अपने ऋण का भुगतान किया, जिससे आगे से उसका भूमि संसाधन समाप्त ही हो गया।

धन संग्रह की अपेक्षा तपस्या का संग्रह सर्वश्रेष्ठ है। –वेद व्यास

आज किसान हितैषी का नारा देने वाली सरकारों की कथनी और करनी में अंतर है। हरियाणा कृषि विभाग के सौजन्य से पी0एम0 फसल बीमा योजना के तहत बीमा कंपनियों को लाभ देने हेतू फसल बीमा प्रीमियम दर गत वर्ष की तुलना में चार गुणा तक बढ़ा दी है जो कि खरीब फसलों पर 120 रूपये से लेकर 430 रूपये प्रति हैक्टयर तथा रबी फसलों के लिए 82.50 रूपये से लेकर 128 रूपये फसल के अनुसार अधिक काटे जाएंगें। तर्क यह है कि बैंकों ने किसानों की प्रति एकड़ ऋण में वृद्धि कर दी है। भारत में आज किसानों पर 12 लाख 60 हजार करोड़ का ऋण है, जिसका ब्याज तक चुका पाना कृषकों की कमर तोड़ रहा है, जिससे साल भर में करीब 1200 किसान आत्महत्या करते हैं। यह बात भारत सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में लिखित में दी है और वास्तव में यह गिनती इससे भी अधिक है क्योंकि फसल अधिक हो या कम, नुकसान किसान का ही होता है।

अब भी हालात दिन प्रति दिन बद से बदत्तर हो रहे हैं। किसान आत्महत्याएं करने को मजबूर हैं, जिसमें महाराष्ट्र सबसे अग्रणीय है। वर्ष 2004 में 4147, वर्ष 2005 में 3926, वर्ष 2013 में 3146 आत्महत्याएं हुई। केवल हरियाणा में अप्रैल 2015 में 4 आत्म हत्याएं हुई। एक अनुमान के अनुसार गत 20 वर्षों में 348538 आत्महत्याएं हुई अर्थात 45 रोजाना। क्या सरकारें सो रही हैं या इंसानियत मर चुकी है? किसान काश्तकार वर्ग की सुध लेने की अत्यंत आवश्यकता है। यह असंगठित दिखते हैं लेकिन यह धधकते अंगारे हैं क्योंकि काम करने का जुझारूपन इसी से ही आता है। खुदा न खास्ता यह लावा फूट गया तो संभलने का मौका भी नहीं मिलेगा। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश इसकी परिणिती देख चुके हैं। एक बार तो संभल गया लेकिन इस समस्या का स्थाई हल निकालना नितांत जरूरी है।

पंजाब सरकार द्वारा ऋण माफी का ऐलान किया तभी पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला का एक अध्ययन सामने आया कि कृषि क्षेत्र विस्फोट के कगार पर है। विश्व में नाम कमाने वाले किसान की हालात मजदूर से भी बदतर हो रही है जो कृषि में बढ़ती लागत और गिरती कीमतों की वजह से हो रहा है। आज 86 प्रतिशत किसान कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं तथा 80 प्रतिशत मजदूरों का भी यही हाल है। सीमांत किसानों पर प्रति एकड़ 65 हजार का कर्ज है। लघु किसान पर 55000 यानि करीब 32 प्रतिशत सीमांत किसान गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर कर रहे हैं।

खाद आपूर्ति वाली तीन बड़ी कंपनियों का लाभांश 2016-17 में 1255 करोड़ था जो 2015-16 के अनुपात में 37 प्रतिशत अधिक है। कीटनाशक आपूर्ति की तीन बड़ी कंपनियों को 2016-17 में 900 करोड़ का लाभ हुआ, जो पूर्व वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में बीज आपूर्ति वालों का लाभ 85 करोड़ तथा ट्रैक्टर वालों का लाभ 5300 करोड़ रूपये हुआ। आखिर किसान कब तक इस सुनियोजन लूट का शिकार होकर बेचारगी को ढ़ोता रहेगा। यहां बताना तर्कसंगत हो गया है कि पूर्व सरकारों ने भी लूट ही मचाई थी और अब उनके घड़ियाली आंसूओं से किसान की समस्या का हल निकलने वाला नहीं है, जिसके लिए ठोस कदम उठाने होगें।

किसान अभी भी नोटबंदी के देश से उभरा नहीं है कि जी एस टी का नाग उसे लील रहा है। कृषि संयत्रों का साईज 32 हजार करोड़ से उपर है, जिसमें 1.50 लाख बड़ी ईकाइयां तथा 300 लघु उद्योग केवल पंजाब में ही हैं। इन पर 12 प्रतिशत जी एस टी आयत है, जो कृषि उद्योग को सीधी मार मारेगी। सरकार ने यह 5 प्रतिशत किया है ताकि किसान को कुछ राहत मिल सके क्योंकि उत्पादक तो यह बढ़ौतरी किसान से ही वसूलेगें।

किसान अकेला ही नहीं अपितू उसका पूरा परिवार कृषि घाटे से आहत है। हालांकि किसानी में पुरूषों का प्रभुत्व माना जाता है लेकिन 1989 की श्रमशक्ति रिपोर्ट कुछ अलग ही बयां करती है क्योंकि 80 से 100 मिलीयन स्त्रीयां खेती-किसानी से जुड़ी हुई हैं। बीज की संभाल, फसल की बुआई, छंटाई, रोपाई, निराई, कटाई, कढ़ाई में स्त्री का बर्चस्व है। यही नही फल और सब्जियों की खेती में भी औरतों की बहुतायत है। इक्कसवीं सदी का सच यहीं है कि आज 32.8 प्रतिशत स्त्रीयां इस कार्य में कार्यरत हैं, जिनके बिना कृषि संभव नहीं है इसलिए उनके योगदान को कम आंकना उचित नहीं होगा।

किसान अपनी बदहाली और बेचारगी की वजह से कृषि से बेमुख हो रहा है, जो समाज की सेहत के लिए किसी भी तरह से उचित नहीं है। जिस देश का बचपन भुखा हो तो उसकी जवानी क्या होगी? महाराष्ट्र में 2015 में 75 प्रतिशत कम बरसात हुई। सरकार ने 10512 करोड़ का पैकेज तो दिया लेकिन कर्जमाफी का वादा तो वादा ही रहा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू हुई है जिसे सरकार 50 प्रतिशत तक पहुंचना चाहता है जो अभी तक मात्र 3.8 प्रतिशत को ही उपलब्ध है। किसान का भला स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करने और लागत पर 50 प्रतिशत लाभ देने पर ही किसान की स्थिति ठीक होगी अन्यथा बारूद के ढ़ेर पर बैठा किसान उड़ गया तो किसी का भी भला नहीं होगा। जहां अन्नदाता ही बेचारा हो तो देश की हालत किसी से छूप नहीं सकती।

डा0 महेन्द्र सिंह मलिक
आई.पी.एस., सेवानिवृत,
प्रधान जाट सभा चंडीगढ़/पंचकूला एवं
अखिल भारतीय शहीद सम्मान संघर्ष समिति

सन्यास हृदय की एक स्थिति का नाम है। न कि किसी नियम या वेशभूषा का। –अज्ञात

किसान मसीहा दीन बंधु सर छोटूराम के विरूद्ध सांसद श्री राजकुमार सैनी द्वारा की गई अपमानजनक व अमर्यादित ब्यानबाजी

प्रिय भाई व बहनों

मैं इस प्रकाशन के माध्यम से सांसद, श्री राजकुमार सैनी द्वारा जनप्रिय एवं किसान मसीहा दीन बंधु सर छोटूराम के विरूद्ध 17 जुलाई 2017 के दैनिक जागरण अखबार में प्रकाशित करवाई गई अपमानजनक, अमर्यादित व तुच्छ मानसिकता की ब्यानबाजी की ओर आपका ध्यान आकर्षित करता हूं, जिसमें समाज की केवल एक विशेष जाति के साथ-साथ दीन बधुं सर छोटू राम के प्रति उनकी घटिया सोच व मानसिक दिवालियापन स्पष्ट नजर आता है।

यह सर्वविदित है कि दीन बंधु सर छोटू राम किसान, कामगार व मजदूर वर्ग के हितों के लिए सदैव संघर्षरत रहे। अतः उनको जाति विशेष के साथ जोड़ना उनका सरासर अपमान है। उन्होने अपने कार्यकाल में किसानों के हित में बहुत सारे कल्याणकारी कदम उठाए जिनमें किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाकर उनकी जमीनें वापिस दिलवाई। वर्तमान में भाखड़ा नंगल परियोजना की परिकल्पना भी उन्ही की देन है और उनके द्वारा किसान कोष स्थापित किया गया जिससे हर वर्ग को शिक्षा मिली और शिक्षा का विस्तार हुआ। यही नहीं, उन्होने संयुक्त पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री सर सिकंदर हयात खान की उपस्थिति में अंबाला में जनसभा के दौरान किसान की फसल की कीमतें बढ़ाने के लिए पुरजोर सिफारिश करते हुए कहा था ''जिस खेत से दो जून की रोटी ना हो मयसर, उस खेत की गोसाय गंदम को जला दो'' जो कि उनके किसान-मजदूर के प्रति संवेदना को प्रकट करता है। इसी प्रकार किसान-मजदूर वर्ग की दशा के सुधार हेतू सरकार का विरोध जताते हुए यहां तक कहा था कि ''नहीं चाहिए मुझे मखमल के मकबरे, मुझे तो मिट्टी का हर्म दिलवा दो।'' इस किस्म के जनप्रिय व्यि1तत्व की आलोचना करना उनका ही नहीं बल्कि समस्त किसान व मजदूर वर्ग का अपमान है।

सांसद श्री राजकुमार सैनी आरंभ से ही राष्ट्र की सभी अन्य बिरादरियों के सिवाय केवल एक विशेष वर्ग के प्रति द्वेषपूर्ण व हिंसक बयानबाजी करके प्रदेश में व्याप्त परंपरागत आपसी भाईचारे को खत्म करने पर उतारू रहे हैं। इनकी दूर्भावनापूर्ण बयानबाजी से प्रभावित जाति विशेष द्वारा समय-समय पर विरोध जताने पर भी सरकार द्वारा इनके विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गई है जैसे कि नेता प्रतिपक्ष हरियाणा विधान सभा, चौधरी अभय सिंह चौटाला द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह को पत्र लिखकर सांसद श्री सैनी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का आग्रह किया जा चुका है। **इसके साथ ही जाट सभा चंडीगढ़ द्वारा राष्ट्र की सभी जाट संस्थाओं/संगठनों, खाप-पंचायतों, स्वयं सेवी संस्थाओं व समाज के बुद्धिजीवीयों से सांसद श्री सैनी द्वारा जाति विशेष के विरूद्ध किये जा रहे दुषप्रचार से अवगत कराने तथा इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है।**

अतः मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि सांसद श्री राजकुमार सैनी द्वारा जाति विशेष के खिलाफ लगातार की जा रही भड़काऊ व द्वेषपूर्ण बयानबाजी व दीन बंधु सर छोटू राम के विरूद्ध की गई अपमानजनक टिप्पणी के कारण इनके विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए के तहत अपराधिक मुकदमा दर्ज करने व कठोर कार्यवाही करने के लिए एकजुट होकर केंद्र व हरियाणा सरकार से कार्यवाही हेतू आग्रह करें ताकि इनकी बेलगाम बयानबाजी के कारण प्रदेश में सामाजिक भाईचारा खराब ना हो और सामाजिक तथा कानून व्यवस्था बनी रहे।

आपका,

(डा0 महेंद्र सिंह मलिक)

भा.पु.से. (सेवा निवृत)

प्रधान, जाट सभा चंडीगढ़/पंचकूला

जिसके पास विद्या रूपी नेत्र नहीं है, वह अंधे के समान है। –अज्ञात

Police Reforms-Need of the Day

Dr. Sarita Malik, H.C.S.
An Expert on Police Sub-Culture- Police Psychology

The strength of a democracy and the quality of life enjoyed by its citizens are determined in large measure by the ability of the police to discharge their duties. Policing, without doubt, is a very vital aspect for the existence of a society, but it is as a unit, target of criticism by all and sundry, including intellectuals, jurists, social activists, media, politicians and citizens. Many people believe that the police at times shield criminals, refuse to register complaints, fabricate false cases against innocent victims and frequently resort to "padding & illegal" detentions at police stations.

Serious role conflict always exists in policing, particularly between ideals of crime control and ideals of due process. But it is ignored that limitations of our criminal justice system hamper efficient and effective functioning of police and this is compounded by the attitude in the society which judges the police effectiveness on the basis of achievement of goals and its outcomes. The situation becomes more complex because of the prevailing core police sub culture which makes them think no one understands them. Thus they are loyal to each other and have to fight crime only by bending the rules, even as the public remains too demanding and unsupportive. Further, police resorts to extra judicial methods during investigation as there are inadequacies in the relevant legislations; increasing number and changing nature of the crime; and, too much expectations of the public from the police. Thus, police today is a beleaguered institution which has lost a clear sense of identity.

Likewise, there are certain glaring examples which portray police brutality such as the merciless lathi charge on the empty handed Honda workers in Gurgaon, now Gurugram, on 25 July, 2005 which was highlighted by several T.V. channels. Moreover, custodial crimes, including rapes, murders etc. are a routine phenomenon for the police in India. For want of sincerity and sensitivity on the part of police, not only the law and order situation has suffered but also the overall performance of police has come under severe fire, particularly over Nirbhaya & Talwar cases of Noida. Interference of those in seats of power and extortion are also frequently reported.

While these perceptions are hard to refute, there are genuine problems faced by the police force. Foremost is the ruler-supportive ethics that is still dominant, which encourages the police to do the bidding of the political leadership rather than to stand as impartial guardians of the people's democratic rights. As a consequence on many occasions the decision to arrest is made on political considerations rather than as a means to deal with the crime phenomenon. Transfers and postings of officers of all ranks, at the behest of political leadership, hampers the ability of the police leadership to discipline officers. In addition, lack of functional autonomy and absence of an environment that encourages living up to ideals pushes a police officer towards a state of apathy. Simultaneously, absence of direct accountability to people pulls them towards corrupt practices.

Deb, Chakraborty, Chatterjee & Srivastava found in a study on Kolkata traffic police that the major problems faced by them while discharging their responsibilities were anxiety due to tense situation 62.5%, followed by unnecessary case pressures 44.6%, political pressure and interference 42.8%, lack of manpower 41.1%, pressure from discharging duties 32.14%, non-cooperation from the public 30.36%, lack of infrastructure 26.8% and non-cooperation from higher authorities, 17.9%. It is also poorly funded, and all material acquisitions have to be procured by seeking government grants tailored to a specific need and only a limited amount is provided for general maintenance of vehicles, buildings, communication equipment and uniform and stationary etc.

It is often forgotten by the society that while signing up to the police services, the personnel do not give up their basic human rights. Humane conditions of work, which are pre-requisite, are normally denied to them. The overall work environment of police, particularly of subordinates and middle rank officers is dehumanizing and de-intellectualizing. Ironically, the police personnel who are obliged to protect and uphold the human rights

of others are themselves the victims of the violation of their human rights in the form of undue long working hours, leave problems, denial of family life, denial of social life, delayed promotions, inadequate infrastructure, poor salaries etc. Securing their human rights will undoubtedly enable them to protect, help and reassure the citizens in a better way.

The service conditions of the police persons, especially those of the Constabulary are poor and unsatisfactory. The police can never succeed if it is not educated, intelligent and properly trained to discharge its duties sincerely. In recent times, the number of policemen has multiplied but their educational and training standards and public dealings remained more or less the same as during the British period. The average working hours of a police person are much more than any other government servants as no fixed duty hours are there. A policeman often has 24-hour workday and limited number of holidays thus hardly getting any time for his family.

The pay and allowances of the constabulary are very meager and the speedy increase in inflation rate has made their position more deplorable. Further, inadequate chances of promotion and overwork in the department due to shortage of staff also add to their frustration and anger as the environment in which the police is working is not congenial. Moreover, the ever increasing demand for VVIP/VIP security causes a big drain on meager police resources.

With these glaring weaknesses of the system, it is not a surprise that the Indian Evidence Act is heavily loaded against the police force making its task of securing successful prosecution almost impossible. Fortunately, today it is being recognized that the Police Act that governs our force is obsolete and needs radical changes. In this direction, the Supreme Court judgment of September 23, 2006, was a milestone. It has virtually overhauled the Indian Police Act 1861. But the biggest challenge is its implementation. Any dilution would be self defeating and immensely harm the society that has become more complex and demanding, but delay in implementation is equally harmful.

किसान खुदकुशी का भयावह मंजर

– ज्ञान प्रकाश पिलानियां, पूर्व सांसद, जयपुर

यह दहलाने वाली खबर है कि पंजाब जैसे समृद्ध राज्य में किसानों की खुदखुशी के हालात भयावह हैं। पंजाब के तीन विश्वविद्यालय के एक सर्वे की मानें तो 2000 से 2010 के बीच 6,926 किसान आत्महत्या कर चुके हैं। इनमें से 3,954 किसान और 2,972 खेती से जुड़े मजदूर थे। पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार ने 16 मार्च को कार्यभार संभाला। इन गत तीन महिनों में 37 किसान आत्महत्या कर चुके हैं। इनमें से ज्यादातर किसान कर्ज में डूबे हुए थे। इन तीन महीनों में मानसा, बंठिंड़ा और बरनाला जिलों में सबसे ज्यादा किसानों की खुदकुशी की घटनाएं हुई हैं। मानसा और बठिंड़ा में 8, बरनाला में 6 किसानों ने आत्महत्या की हैं। खुदकुशी की घटनाएं रोकने के लिए सीएम अमरिंदर ने विधान सभा चुनाव के दौरान नारा दिया था, 'कर्ज कुर्की खत्म, फसल दी पूरी रकम'। गरीब किसान कर्ज में ही रहने को मजबूर है, जो हर साल बढ़ता ही जाता हैं। पंजाब में ही 98 फीसदी ग्रामीण परिवार कर्ज में डूबे हैं और इनमें से 94 फीसदी की आमदनी से ज्यादा खर्च हैं। पंजाब में अनुमानित 35000 करोड़ रुपये का लोन किसानों पर बकाया है।

अग्रस्तता के कारण किसानों को आत्महत्याओं के संबंध में लोकसभा के 12 सदस्यों द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 903 के उत्तर में प्रकट किया गया था कि 'राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2014 में 5650 किसानों ने आत्महत्या की जो वर्ष 2015 में बढ़कर 8007 हो गई। आत्महत्याओं में 47.7 फीसदी वृद्धि हुई।' इस प्रकार एक दिन में आत्महत्या करने वालों की संख्या 21. 93 है। यह भयावह स्थिति है कि पिछले 21 वर्षों के दौरान 318000 किसानों ने आत्महत्या की हैं। राष्ट्रीय क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एन.सी. आर.बी.) के आंकड़ों के अनुसार हर 41वें मिनट कहीं न कहीं एक किसान आत्महत्या करता हैं। कर्ज नहीं चुका पाना किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने का मुख्य कारण बनकर सामने आया हैं।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन के जनवरी 2013 से दिसम्बर 2013 तक के आंकलन के अनुसार देश में 51.9 प्रतिशत किसान परिवार ऋणी हैं। 30 सितम्बर 2016 तक देश के किसानों पर बकाया ऋण राशि 12.60 लाख करोड़ रुपये थी। सर्वेक्षण के अनुसार, जिस दिन किसान परिवारों पर कर्ज के आंकड़े लिए गए थे, उस दिन प्रत्येक किसान परिवार पर औसतन लगभग 47000 रुपये कर्ज होने का अनुमान लगाया गया है इस ऋण में संस्थागत संस्थानों तथा सेठ–साहूकारों से लिए गए कर्ज भी शामिल हैं। कम जोत के किसान परिवार पर कम कर्ज का भार है जबकि बड़े किसान परिवारों पर अधिक कर्ज है। कम जमीन वाले 41.9 प्रतिश किसानों पर कर्ज है। जबकि 10 हैक्टेयर से कम जमीन वाले 78.7 प्रतिशत किसान परिवार कर्जदार हैं। एक हैक्टेयर से कम जमीन वाले किसान परिवार पर औसतन 31100 रुपये का ऋण है जबकि 10 हैक्टेयर से अधिक जमीन जोतने वाले किसान परिवार पर लगभग 29300 रुपये का कर्ज है। आत्महत्या करने वाले किसानों में करीब 80 फीसदी बैंक

जिंदगी की जिम्मेदारी कोई बोझ की चीज नहीं है। वह आनंद से ओत–प्रोत है। –विनोबा भावे

कर्ज के बोझ से दबे थे न कि महाजनों से। गैर संस्थागत संस्थाओं या सेठ–साहूकारों ने 25.8 प्रतिशत कर्ज किसानों को दिया है।रुपये 57700 रुपये महाराष्ट्र में औसत कर्ज प्रति किसान परिवार था।?

आज आम किसान के कर्ज की समस्या, मीडिया में सुर्खी में आ गई है। इस संदर्भ में, कर्जे के आकंड़े ज्ञातव्य हैं। 46848100 कर्ज से दबे किसान परिवार देश में हैं। इनमें से 10 प्रमुख राज्यों में परिवारों की संख्या है :– उत्तर प्रदेश में 7908100, महाराष्ट्र में 4067200, राजस्थान में 4005500, आंध्रप्रदेश में 3342100, पश्चिम बंगाल में 3278700, कर्नाटक में 3277500, बिहार में 3015600, मध्यप्रदेश में 2741400, तमिलनाडु में 267800 और ओडिशा में 2583000 परिवारों पर 30 सितम्बर 2016 तक 12.60 लाख करोड़ कुल कृषि कर्ज था। जिसमें से 7.75 लाख करोड़ क्रॉप लोन एवं 4. 85 लाख करोड़ टर्म लोन था। बैंकों के आधार पर विभाजन था – 1.45 लाख करोड़ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 1.58 लाख करोड़ सहकारी बैंक और 9.57 लाख करोड़ वाणिज्यिक बैंक। उपरोक्त आंकडे कृषि ऋण के सर्वग्राही मकड़जाल के विस्तार के धोतक है। 70 प्रतिशत कृषि भूमि है छोटे (1–2 हैक्टेयर वाले) एवं सीमांत (1 हैक्टेयर से कम वाले) किसानों के पास 35 प्रतिशत हिस्सा ही मिल पाता है छोटे और सीमान्त किसानों को कुल कर्ज आवंटन का। केवल 26 प्रतिशत किसानों को ही फसली ऋण मिल पाता है। 25 प्रतिशत कर्ज साहूकारों और अन्य सूदखोरों के मार्फत लिया जाता है।

मुल्क के किसानों की समस्या केवल बैंकों से लिया जाने वाला कर्ज ही नहीं हैं। मुल्क भर में साहूकारों का जाल अब भी फैला हुआ है, जो गरीब किसानों की मजबूरी का लाभ उठाकर उनकी जमीन, गहने आदि गिरवी रखवाकर ऋण देते हैं और चक्रवृद्धि ब्याज के चंगुल में किसान फंसे रहते हैं। ऐसे मजबूर किसानों को कर्जमाफी का कोई लाभ नहीं मिलता, क्योंकि उनकी पहुंच बैंक तक होती ही नहीं।

किसानों के आत्महत्या के प्रमुख कारणों में एक बड़ी वजह कर्ज का बोझ और दीवालियापन है। किसान आर्थिक संकट से ऊबर नहीं पा रहे हैं। किवंदंति है कि किसान कर्ज में ही पैदा होता है, कर्ज में ही जीता है और कर्ज में ही मरता है। फसल बोने के लिये लिया कर्ज कोढ़ में खाज का काम करता है। एक बार कर्ज माफी के बाद किसान को फिर नए सिरे से कर्ज माफी की दरकार होती है। यानी कर्ज और कर्ज माफी दोनों ही स्थायी समाधान नहीं, बल्कि फौरी राहत भर है। 'नेशनल सैंपल सर्वे' के 'सिचुएशनैल असेसमेंट सर्वे' के मुताबिक उत्तर प्रदेश के किसान परिवारों की औसत आय चार हजार नौ सौ तेइस रुपये है और उसका खर्च छह हजार दो सौ तीन रुपये है। इस सर्वे के नतीजों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में एक किसान परिवार को हर महीने तेरह सौ सात रुपये यानी सालभर में पंद्रह हजार छह सौ चौरासी रुपये का अतिरिक्त जुगाड़ करना पड़ता है। पैसों का यह अतिरिक्त जुगाड़ बैंकों से कर्ज से नहीं हो पाता है, बल्कि ऊंची ब्याज दर पर स्थानीय साहूकारों से लेना पड़ता है। साल दर साल किसान के परिवार पर यह कर्ज बढ़ता जाता है, क्योंकि ब्याज चुकाने में ही उसका दम निकल जाता है।

आज देश में किसानों के हाल बद से बदतर हो रहे हैं। सूखा, फसलो का चौपट होना और कर्ज में डूबने के कारण किसानों द्वारा आत्महत्याएं किए जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। वर्ष 2011 के जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार 56 फीसदी देश के कामगार खेती से जुड़े है। लेकिन खेती अब घाटे का सौदा बनती जा रही है। भारत में खेती, खेती के आकार अनुपात में कम उत्पादन तथा विपणन के अभाव का सामना कर रही है। कृषि का जीड़ीपी में केवल 17 प्रतिशत हिस्सा है। 6426 रुपये है। औसत काश्तकार की आय और 6423 रुपये खर्चा। यह मुल्क की त्रसदी ही है कि जो किसान पूरे मुल्क का अन्नदाता है वह आज भिखारियों की तरह सरकार से कर्ज माफी की मांग करता फिर रहा है। हर साल हजारों किसान आतमहत्या कर रहे हैं, और लाखों किसान अपना घर बार छोड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री ने 2014 के लोकसभा चुनावों के प्रचार में सरकार में आने पर कृषि उपजों के लिए 'स्वामीनाथन कृषि कमीशन' की अनुशंषा के अनुसार, लागत पर कम से कम पचास फीसदी लाभ देने का वचन दिया था लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले तो किसान की भूमि बैंकों को गिरवी नहीं रहेगी एवं किसान ऋणमुक्त हो पाएगा। यक्ष प्रश्न है कि क्या किसान के 'अच्छे दिन' आएंगे ?

किसान का दर्द ना समझा कोई

– सोमपाल शास्त्री, पूर्व केन्द्रीय मंत्री

महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश किसानों का यह आंदोलन कोई पहली बार नहीं हुआ। यदि अतीत के पन्ने पलटें तो दो–चार साल के अंतराल में इस तरह आंदोलन होते रहे हैं। जब किसानों की पीड़ा असहनीय हो जाती है तो वह इस दिशा में कदम उठाने को मजबूर होते हैं। हांलाकि, इस तरह के आंदोलन में हिंसा और आगजनी को किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता लेकिन सरकार को यह जरुर सोचना चाहिए आखिर इस तरह के हालात पैदा ही क्यों हुए, इस आंदोलन के खड़े होने की वजह क्या है ? हकीकत यह है कि किसी भी किसान के पास इतना फालतू समय नहीं होता कि वह अपने कामकाज को छोड़कर सड़क पर उतर जाए।

दरअसल, हमारी कृषि व्यवस्था में ऐसी आधारभूत खामियां है, जिससे यह संकट बार–बार सामने आ जाता है। सरकार इसका तर्कपूर्ण और दीर्घकालिक समाधान तलाशने के बजाय आग पर काबू पाने के लिए ऐन वक्त पर कुंआ खोदने सरीखा उपाय करती है। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की घटनाओं के बारे में भी मूल वजह को दरकिनार करने की कोशिश की गई है। इस बार किसानों के आक्रोशित होने का यही प्रमुख कारण है। फिलहाल आंदोलित किसान जो मांग उठा रहे हैं उनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)

धैर्य रखना मुश्किल होता है, लेकिन उसका फल मीठा होता है। –ससो

में वृद्धि, मंडी व्यवस्था में सुधार, एमएसपी पर उपज की खरीद सुनिश्चित करने और कर्ज माफी की मांगे प्रमुख रूप से शामिल हैं। इनमें पहली तीन तरह से जायज हैं जबकि कर्ज माफी का बीज सरकार ने खुद बोया है। उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में भाजपा ने किसानों का कर्ज माफ करने का खूब ढिंढोरा पीटा था। बेशक आधा–अधूरा ही सही लेकिन सत्ता में आने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि ऋण माफी ऐलान कर दिया। जाहिर तौर पर अन्य राज्यों के किसान द्वारा भी यह मांग मजबूती के साथ उठाई जा रही है जो अब उग्र रूप धारण कर चुकी है।

यदि किसानों के शोषण की बात की जाए तो ब्रिटिश काल से ही होता आ रहा है। अंग्रेजों ने करीब 200 साल तक किसानों का अपने मनमाफिक शोषण किया। इसके कई प्रमुख उद्देश्य थे। दरअसल, संगठित मजदूर और मुख्य शहरी जनता अनाज के दाम बढ़ने पर आक्रोशित होती है। उन्हें शांत रखने के लिए अनाज के दाम सस्ते रखे गए। उस दौरान वास्तु विनियम के लिए अनाज का ही इस्तेमाल किया जाता था। तब मुद्रा आधारित अर्थव्यवस्था नहीं थी। मजदूर अथवा वेतन के रूप में अनाज देने की व्यवस्था थी। यदि खाद्यान्न महंगा होता तो ज्यादा मजदूरी की मांग उठती। अतः अपने निहित स्वार्थ के लिए अंग्रेजों ने अनाज के दाम बढ़ने नहीं दिए।

देश में आजादी के बाद किसानों में उम्मीद जागी कि अब स्थिति में बदलाव होगा लेकिन यह हालात लम्बे समय तक जारी रहे। आलम यह है कि भारत सरकार ने पहली बार 1965 में कृषि मूल्य बढ़ाने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नीति लागू करने पर विचार किया। शुरूआत में यह व्यवस्था सिर्फ गेहूं और ध ाान के लिए ही की गई। इसके तहत यदि इन जिंसों के भाव बाजार मूल्य से नीचे जाते हैं तों उसकी खरीद सरकार सुनिश्चित करेगी। इस लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) की स्थापना की गई। इसके बाद गेहूं और धान की पैदावार में अच्छा–खासा इजाफा देखा गया। वर्ष 1986 में देश में गन्ने की बंपर फसल हुई लेकिन उसके लिए कोई खरीदार नहीं था।

इस संबंध में मैने किसानों के एक दल के साथ तत्कालीन वित्त मंत्री वीपी सिंह से मुलाकात कर सुझाव दिया कि जब दुनियां के कई देशों एमएसपी पर सारी कृषि जिंसों को खरीदने की व्यवस्था है तो यह भारत में क्यों नहीं हो सकता। उनके प्रयासों से तब 20 कृषि जिस 'एमएसपी' के दायरे में आ गई। फिलहाल सरकार कृषि लागत आधार पर 24 जिंसों का एसएमपी तय करती विंढम्बना यह है कि आज तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और धान के अलावा और किसी फसल के खरीदने की व्यवस्था नहीं की गई है।

यह व्यवस्था भी सिर्फ पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रभावी है। बाकी राज्यों में किसानों को मडियों में आनन फानन औने–पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ता है जबकि वर्ष 2014 के लोक सभा चुनाव में भाजपा ने 'स्वामीनाथन रिपोर्ट' लागू करने का लिखित में वादा किया था। इसके तहत आयोग कृषि मूल्य एवं फसल की लागत का जो अनुमान लगा उसमें 50 फीसद लाभ जोड़कर एमएसपी घोषित किया जाएगा। सरकार ने एक साल पूरा होने पर इस वादे पर अमल नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई। इस बारे में सरकार ने लिखित जवाब में कहा है कि इस वादे को पूरा कर पाना संभव नहीं है। 'स्वामीनाथन' का दूसरा सुझाव है कि किसानों को चार फीसदी ब्याज दर पर कर्ज दिया जाए जो विभिन्न शर्तों के साथ किसान छोटी अवधि ा के लिए ही दिया जा रहा है। सरकार ने अपने लिखित वादे पर भी अमल नहीं किया। ऐसे में किसानों को आक्रमण फूटना जायज हैं। विडंबना यह है कि सरकार वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के बड़े–बड़े दावे कर रही है । धरातल पर कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं।

हकीकत यह है कि आज आलू, प्याज, बासमती, टमाटर और गोभी के भाव 2013 के स्तर से नीचे आ गए हैं जबकि लागत लगातार बढ़ती जा रही है। इस बारे में मैने पांच माह पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक में उन्हें आगाह किया था कि जब किसानों का दर्द नहीं समझेंगे तब तक उनका भला नहीं होगा। यह नहीं भूलना चाहिए कि विनिर्मित उत्पादों की 46 फीसदी ग्रामीण क्षेत्र की कृषि आय पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्र की शक्ति कम होने पर अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ेगा। इससे बेरोजगारी की फौज बढ़ेगी। ऐसे में सरकार को कृषि ऋण माफी जैसे फैसले लेने के बजाय किसानों की वास्तविक आय बढ़ाने की दिशा में कदम उठाने चाहिएं। यदि किसानों का सिर्फ वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा तो आगे चलकर पूरे देश को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

भारतीय किसान पार्टी के गठन की प्रभातवेला

– सूरजभान दहिया

भारत एक कृषि प्रधान देश है और रहेगा भी। कृषि भारतीय सभ्यता की आत्मा है, इसलिए हमारे संस्कार कृषि के ईद–गिर्द ही घूमते हैं। अपनी संस्कृति को संजीव बनाये रखने के लिए हमारा प्रथम दायित्व यही हैं कि हम अपने साधन (कृषि) और साधक (किसान) के प्रति समर्पित रहे। हमारे कई हजार साल के इतिहास में ऐसे कई रोमांचक प्रसंग हैं जब फसल न हो जाने पर राजा ने तपस्या की अथवा स्वयं ही हल उठाया। अब कुछ अजीब सा हो रहा है, दिनोदिन कृषि संकट गहराता जा रहा है पर शासक व प्रशासन किसान के प्रति उदासीन होते जा रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद सिर्फ एक बार सन् 1965 में पूरे देश ने 'अनाज में आत्म निर्भरता और अन्नदाता किसान' का महत्व पूरी गहराई से अपने दिल और दिमाग में रेखाकिंत किया था। लाल बहादुर शास्त्री के आहवान पर पूरा देश

ही किसान बन गया था, शास्त्री के अन्तःकरण से दिल्ली के रामलीला ग्राऊंड़ में, एक उद्घोष हुआ– 'जय जवान, जय किसान'। यह उद्घोष जनजन तक पहुंचा और अनाज निर्यातक अमरीका की घौंस धरी की धरी रह गई। उसके राजदूत ने अपनी सरकार को रपट भेजी थी कि भारत में इन दिनों जैसी प्रबल भावना है, यदि यह बनी रही तो इस क्षेत्र में अमरीका के हित खतरे में पड़ सकते हैं। शास्त्री जी ने एक्टर मनोज कुमार को बुलाकर कहा – "मनोज। देश के किसान की कृतज्ञता को आप सिनेमा के माध्यम से राष्ट्र के सामने रखों। फिल्म 'उपकार' बनी और एक सन्देश भारतीयों के पास पहुंचा – "अन्न के मामले में किसान का देश को आत्म निर्भर बनाने का पवित्र दृढ़ सकंल्प।"

भारत में 1960 के दशक में हरित क्रांति का किसान ने सूत्रपात किया और भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर होने का गौरव दिला दिया। परन्तु यह कैसी विडंबना है कि किसी भी राष्ट्रीय समारोह में यह आभाष नहीं होता कि हम किसान संस्कृति के पालक हैं। हमारी संस्कृति कृषि से जरूर उपजी है परन्तु कृषि हमारी प्राथमिकताओं से गायब है। अन्नदाता किसान अपनी आर्थिक तंगी के कारण आत्म हत्या का रास्ता अपनायें, यह भारत की इस सदी की सबसे बड़ी त्रास्दी है। किसान चम्पारण सत्याग्रह जिसके द्वारा मोहनदास कर्मचन्द गांधी 'महात्मा' बने का यह शताब्दी वर्ष है। इस लिये कृषि प्रधान भारत में लोकतन्त्र को एक नई आवाज भारतीय किसान पार्टी का अस्तित्व में आना सामायिक है। सूखा, भूखमरी, ज्वलंतमुद्दे इस पार्टी के गठन हेतू जमीन तैयार कर चुके हैं, बस सिर्फ एक चिंगारी की जरूरत है।

जो इतिहास को भूला देते हैं, वे इतिहास नही रच सकते हैं। भारत में जब–जब परिवर्तन का बिगूल बजा है उसके नायक सदैव किसान रहे हैं। दुःख इस बात का है कि आजाद भारत में किसान इतिहास को दफना दिया गया। अभी–अभी एक सर्वे हुआ है जिसमें यह पाया गया है कि हमारे समाचार पत्र सिर्फ 4 प्रतिशत कवरेज कृषि को देते हैं और 2 प्रतिशत ग्रामीण परिवेश को। हमें क्यों 60–70 करोड़ किसानों की आवाज सुनाई नहीं देती, क्यों लोकतन्त्र में इतने बड़े समुदाय को राजनैतिक, आर्थिक, प्रशासनिक हैं। हम लोकतंत्र हैं, 'वोट हमारे राजतुम्हारा यह घोर अन्याय है, यह अलोकतांत्रिक व्यवस्था है, लोकतंत्र के नाम यह माननीय मूल्यों को हनन है, अब यह षड़यन्त्र आगे नहीं चलने वाला।

उपरोक्त षड़यन्त्र को गम्भीरता से समझना चाहियें। हमारे गणतंत्र स्वाधिन होने का संघर्ष 1857 से शुरू होता है। वैसे हमारे गांव तो 'लघुगणतंत्र' थे ही जहां राजा नहीं जन शासक होता था। यह व्यवस्था चौपाल में बैठकर सब की सहमति से संचालित होती थी और इन्हीं से एक प्रभावी खाप परम्परा बनी। अंग्रेजों के शोषण के विरूद्ध खापों ने जगह–जगह विचार विमर्श करके 1857 में एक जनआन्दोलन चलाकर अपनी नियती के स्वयं निर्धारण करने का निर्णय लिया। हल उठे, 1857 के स्वतंत्रता संग्रम का बिगूलबजा, लालकिले पर खाप परम्परा परिभाषित हुई – "खल्क खुदा का, मुल्क बादशाह का, अमन अवाम का" विश्व इतिहास में ब्रिटिश साम्राज्य के विरूद्ध आज तक का यह सबसे बड़ा और अतिशक्तिशाली किसान संघर्ष स्वीकारा जा रहा है। इस संग्राम में भारत की कुल जनसंख्या के 7 प्रतिशत जन ने अपने देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर किये। यद्यपि ब्रिटिश हुकुमत की बड़ी ताकत और अनेक देशी रियासतों, दलालों व चाटूकारो की साजिश के आगे भले ही उस वक्त यह अपनी मंजिल तक नहीं पहुचा लेकिन कठिन और प्रतिकूल प्रस्थितियों के बावजूद यहां के किसान क्रांतिकारियों ने देश में स्वाधिनता, राष्ट्रीय और जातीय एकता की एक ऐसी मशालजलादी, जो बाद के संघर्षों का लगातार मार्गदर्शन करती रही। आश्चर्य है कि इस इतिहास को पाठ्यक्रमों क्यों औझल कर दिया, समझ नहीं आता।

अंग्रेजो को किसान शक्ति का इस संग्रम से अहसास हुआ और उन्होंने अनेक हथकंड़े अपनाकर किसान की कमरतोड़ दी। किसान के गणतंत्र गांवों की काश्तकारी और दस्तकारी को अंग्रेजो ने तहस नहस कर डाला। किसान को इस संकट से निकलने के लिए कोई रास्ता दिखाई न रहा था। बींसवी सदीं के आरम्भ में उत्तरी भारत में एक अलौकिक शक्ति किसानों के बीच चौ० छोटूराम के रूप में आई। 75 साल से पीस रहे किसान की पीड़ा को उन्होंने एक जेहाद के रूप में राजनीतिक, मीडिया व प्रशासन के पटल पर रखा। इसके द्वारा किसान ने भी सुस्ती तोड़ी, अंगडाई ली और चौ० छोटूराम के साथ खड़े हो गये। किसान को नरक की जिदंगी से निकालने के लिए पहले कांग्रेस को राजनीतिक मंच को उन्होंने तलाशा, अंग्रेजो के काले कानूनों को उन्होंने चुनौती देकर ब्रिटिश सरकार को ललकारा व सेठ साहूकारों के कर्जो के हाथों को तोड़ने का बिड़ा उठाया। चाहे कांग्रेसी हो, चाहे अंग्रेज अफसर हो, चाहे सूदखोर हो सभी तो चौ० छोटूराम के कट्टर विरोधी हो गये। चौ० छोटूराम अकेले पड़ गये, पर अविचलित रहे। उन्होंने अपने लक्ष्य की पूर्ति हेतु आंधियों, तूफानों व ज्वारभाटा को ललकार और किसान शोषण मुक्ति की एक संघर्षपूर्ण इबारत लिखदी जिसमें वैचारिक गहनता, स्पष्टता, मानवता और प्रगतिवादी कर्मठता थी। सन् 1923 में उन्होंने एक नई राजनीति को परिभाषित किया – किसानों की राजनीति। इस राजनीति को साफ मतलब था कि जिनके हक मारे गए हैं, उन्हें उससे मुक्त कराया जाए तथा नवजीवनीय मूल्यों के प्रति उनमें आस्था जागृत की जाए। फजले हुसैन के साथ मिलकर चौ० छोटूराम ने पंजाब मं उपरोक्त विचारधारा को लेकर एक नई राजनैतिक पार्टी – राष्ट्रीय यूनियनिस्ट पार्टी बनाई। यह एक किसान हितैषी पार्टी थी, इसलिए यह जमीदारा पार्टी के नाम से ही लोकप्रिय हुई।

जमीदारा पार्टी का गठन जीतग्रस्त मानसिकता से परे और धर्म उन्माद से ऊपर रोजी, रोटी की लड़ाई के लिए एक साहसिक राजनैतिक नया प्रयोग था जो गहन सोच की दार्शनिकता पर शोषक और शाषित का द्वन्द्व था। उसने थोड़े ही समय में पंजाब की आर्थिक राजनैतिक, शैक्षणिक सामाजिक तथा सांस्कृतिक जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा। कांग्रेस व मुस्लिम लींग जैसी राष्ट्रीय पार्टी इस पार्टी के सामने पंजाब का अपना वजूद खो बैठा। कायदे आजम जिन्नाह व पंडित जवाहर लाल नेहरू चौधरी छोटूराम के सामने पंजाब में असहाय दीखें। 1935 के एक्ट के अनुसार पंजाब एसेम्बली के चुनाव 1937 में हुये जमीदारा पार्टी को 175 सीटों में से 101 सीट मिली, कांग्रेस को 20, गैर जमीदा हिन्दु पार्टी को 15 तथा मुस्लिम लींग को सिर्फ 2 सीटें मिली। जमीदारापार्टी की पंजाब सरकार बनी तथा चौधरी छोटूराम ने चन्द वर्षों में 30–40 कानून बनाकर पंजाब में

किसानों को कर्जों से मुक्त करा दिया, गिरवी रखी भूमि किसानों को वापिस मिली, किसानों को उन्नत खेती करने को प्रोत्साहित किया तथा गांधी जी के रामराज्य के सपने को आगे बढ़ाया।

